भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(युवा कार्यक्रम विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 344

उत्तर देने की तारीख 02 जनवरी, 2026

13 माघ, 1947 (शक)

एमवाई भारत 2.0 प्लेटफॉर्म

344. श्री प्रदीप कुमार सिंह:
श्री भोजराज नाग:
श्री राहुल सिंह लोधी:
श्री मनोज तिवारी:
श्री सुरेश कुमार कश्यप:
श्री अनिल फिरोजिया:
श्री जुगल किशोर:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में युवाओं की डिजिटल भागीदारी और सशक्तिकरण को मजबूत करने के लिए डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन के सहयोग से विकसित किए जा रहे एमवाई भारत 2.0 प्लेटफॉर्म की मुख्य विशेषताएं और उद्देश्य क्या हैं;

(ख) उन्नत मंत्र के कार्यान्वयन और युवा भागीदारी, स्वयंसेवी, नेतृत्व प्रशिक्षण और कौशल विकास के लिए इसके प्रमुख मॉड्यूल के संबंध में अब तक क्या प्रगति हुई है और प्रत्येक मॉड्यूल के तहत कितने युवाओं को सम्मिलित किया गया है; और

(ग) क्या सरकार का उक्त मंच के माध्यम से युवा भागीदारी, डिजिटल जुड़ाव और नेतृत्व विकास और रोजगारपरकता परिणामों में वृद्धि को मापने के लिए संरचित प्रभाव संकेतक स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) माय भारत 2.0 प्लेटफ़ॉर्म देश के युवाओं को विभिन्न स्वंयसेवी और शिक्षण गतिविधियों में शामिल करने का एक वन-स्टॉप युवा सहभागिता मंच है। यह युवाओं को प्रोफ़ाइल बनाने, विभिन्न एक्सपीरिएंशिल गतिविधियों में भाग लेने, विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करने, अन्य युवाओं से जुड़ने, क्विज़, निबंध लेखन, डिज़ाइन चुनौतियाँ, हैकाथॉन, सीवी बिल्डर आदि जैसी सुविधाएँ प्रदान

करता है। यह मंच अन्य मंत्रालयों, संगठनों, ज्ञान संस्थानों, उद्योगों, युवा क्लबों आदि को भी विभिन्न सहभागिता कार्यक्रम संचालित करने हेतु वेब स्पेस उपलब्ध कराता है। माय भारत पोर्टल (https://mybharat.gov.in/) पर दिनांक 28.01.2026 की स्थिति के अनुसार कुल 2,07,70,931 पंजीकरण हुए हैं। युवाओं की सहभागिता हेतु प्रमुख मॉड्यूल्स में 'वॉलंटियर फॉर भारत', 'एक्सपीरिएंशियल लर्निंग' तथा 'क्विज एंड एस्से मोड्यूल' सम्मिलित हैं। यह प्लेटफ़ॉर्म देशभर के युवाओं के लिए डिजिटल पहुँच एवं मोबाइल-फ्रेंडली सेवाओं हेतु निम्नलिखित तत्व प्रदान करता है:

i. एंड्रायड और आईओएस के लिए पूरी तरह से काम करने वाला मोबाइल एप्लिकेशन;
ii. एआई आधारित स्मार्ट सीवी बिल्डर और डिजिटल प्रोफाइल;
iii. कार्यक्रम करने वाले संगठनों और शैक्षिक संस्थानों के लिए कार्यक्रम के नतीजों का विश्लेषण करने के लिए एकीकृत डैशबोर्ड;
iv. स्पीच टू टेक्स्ट, वॉइस असिस्टेड नेविगेशन और एआई चैटबॉट्स के एडवांस फीचर्स;
v. युवा सहभागिता के लिए लर्निंग मॉड्यूल और क्विज़;
vi. आधार, डिजिलॉकर, भाषिनी और भारत सरकार के मायजीओवी मंच आदि के साथ आसानी से एकीकृत करना।
vii. डिजिटल डिवाइड को दूर करने की बड़ी पहल में 22 भाषाओं में पोर्टल की एक्सेसिबिलिटी, मोबाइल एप्लीकेशन और दूसरे सरकारी प्लेटफॉर्म के साथ इंटरेक्शन शामिल है।

(ख) युवा स्वयंसेवी प्रतिभागिता से संबंधित प्रमुख कार्यात्मक माड्यूलों में क्विज तथा निबंध मॉड्यूल की प्रगति निम्नानुसार है:-

क्र. संख्या	**प्रमुख मॉड्यूल**	**युवा प्रतिभागिता गणना**
1	स्वयंसेवी अवसरों (वीओ) के अंतर्गत कुल प्रतिभागिताओं की संख्या	22,76,829
2	एक्सपीरिएंशियल लर्निंग कार्यक्रम (ईएलपी) के माध्यम से जुड़े युवाओं की संख्या	97,590
3	माय भारत पोर्टल पर आयोजित क्विज़ में कुल प्रतिभागिताओं की संख्या	39,33,802
4	पोर्टल पर आयोजित की गई निबंध प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों की कुल संख्या	70,973

(ग) माय भारत एक युवा सहभागिता और प्रतिभागी मंच के रूप में कार्य करता है, जो युवाओं के पंजीकरण, प्रोफ़ाइल निर्माण तथा एक्सपीरिएंशियल लर्निंग कार्यक्रमों, स्वयंसेवी अवसरों और

साझेदार मंत्रालयों, संगठनों एवं संस्थानों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता को सुगम बनाता है। इस मंच की रिपोर्टिंग रूपरेखा वर्तमान में युवा पंजीकरण, गतिविधियों के सूचीकरण, साझेदारों को शामिल करने तथा प्रतिभागिता स्तर जैसे इंडिकेटर्स को संकलित करती है, ताकि युवा सहभागिता एवं डिजिटल संलग्नता में वृद्धि का आकलन किया जा सके। वर्तमान में, माय भारत समर्पित कौशल विकास, रोजगार अथवा प्लेसमेंट पोर्टल नहीं है तथा प्रतिभागिता एवं सहभागिता मापदंडों से परे कौशल विकास एवं रोजगार-योग्यता परिणामों को मापने हेतु कोई पृथक संरचित प्रभाव इंडिकेटर परिकल्पित नहीं किए गए हैं।

*****